अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास- **मृदुला शेखावत**, आर.ए.एस.

प्रार्थी	**बनाम**	**अप्रार्थी**
पेमाराम		सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :- 21 /2025

-::आदेश::- **दिनांकः-** 14/1/25

प्रार्थी **पेमाराम** पुत्र श्री **सिरदारराम** जाति **जाट** निवासी **घाणामगरा** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि ग्राम **घाणामगरा** की जमाबंदी संवत् 2075 **से** 2078 के खाता सं. 300 के खसरा नंबर 162/3 में दर्ज अशुद्ध नाम **पेमाराम** पुत्र **सरदारराम** जाति **जाट** निवासी **घाणामगरा** का शुद्ध नाम **पेमाराम** पुत्र **सिरदारराम** जाति **जाट** निवासी **घाणामगरा** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाडा

सहायक कलेक्टर
एवं उप खण्ड अधिकारी
बिलाडा